आज दिनांक 20-09-2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक 'मोटिवेशनल लेक्चर' का आयोजन किया गया। जिसका विषय था – "हाउ टू सर्च द लीडर इन यू।" इस अवसर पर प्रो० एस० पी० चौहान, ऑफिशिएटिंग डाइरेक्टर ऑफ़ एशिया पेसिफिक, इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, नई दिल्ली उपस्थित थे। इससे पहले प्रो० एस० पी० चौहान, फॉर स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट, नई दिल्ली और एम० डी० आई० गुरुग्राम से बीस वर्ष से जुड़े रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के व्याख्यान होते रहते हैं। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम डॉ० शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में कराया गया। प्रो० चौहान ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि हमें हर जगह नारी का सम्मान करना चाहिए चाहे वो हमारी माँ हो या हमारी काम करने वाली। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लर्निंग इज नेवर एंडिंग जर्नी फ्रॉम मदर्स वॉम्ब टू वन्स टॉम्ब। इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि हमें अपने लिए किस लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए और उसको हासिल करने के लिए क्या प्रयत्न करने चाहियें। उन्होंने 'रिवॉर्ड' का अपने शब्दों में पूर्ण रूप से अर्थ बताया। विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान को बड़े उत्साह से एवं रूचि के साथ सुना। सेमिनार में प्रबंधन विभाग के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।